Taxi & Limousine Commission

ड्राइवर संसाधन

कोविड-19 स्वास्थ्य संकट के दौरान, TLC और City TLC ड्राइवरों, वाहन मालिकों और व्यवसायों की सहायता करने के लिए कदम उठा रहे हैं। TLC लाइसेंसधारक **चालक संसाधन केंद्र** का लाभ उठा सकते हैं, जो वित्तीय परामर्श और कानूनी सेवाएँ और अन्य उपयोगी मुफ्त City संसाधन जैसे स्वास्थ्य बीमा, मानसिक स्वास्थ्य संसाधन एवं और भी बहुत कुछ प्रदान करता है।

आपके लिए उपलब्ध संसाधनों के बारे में अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए गए लिंक का उपयोग करें। स्वास्थ्य विभाग के नवीनतम गाइड और City के और भी कोविड-19 संसाधनों के लिए **nyc.gov/coronavirus** पर जाएँ।

चालक संसाधन केंद्र

चालक संसाधन केंद्र एक ऐसी जगह है जहाँ ड्राइवर वित्तीय परामर्श, कानूनी सेवाएँ, स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों और सार्वजनिक लाभ के आवेदन की सहायता के लिए सहज महसूस कर सकते हैं। **आज एक अपॉइंटमेंट निर्धारित करें।**

- मिलने का समय कैसे निर्धारित करें
- अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न
- चालक संसाधन केंद्र पुस्तिक

New York राज्य बेरोजगारी लाभ

TLC-लाइसेंस प्राप्त ड्राइवर, जो COVID-19 सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के परिणामस्वरूप संभवतः कमाई खो सकते हैं, उन्हे बेरोजगारी लाभ के लिए NYS श्रम विभाग में आवेदन करना चाहिए।

जो ड्राइवर NYS श्रम विभाग द्वारा कर्मचारियों के रूप में वर्गीकृत किए गए हैं, वें पारंपरिक बेरोजगारी बीमा (UI) लाभ के लिए पात्र हैं। labor.ny.gov/signin पर ऑनलाइन आवेदन करें।

TLC-लाइसेंस प्राप्त ड्राइवर जो स्व-नियोजित/स्वतंत्र ठेकेदार हैं, अब संघीय CARES अधिनियम द्वारा प्रदान किए गए वर्धित बेरोजगारी बीमा (UI) लाभों के माध्यम से महामारी बेरोजगारी सहायता (PUA) लाभों के लिए पात्र हैं। महामारी बेरोजगारी सहायता (PUA) लाभों के लिए आप पर विचार करने के लिए, आपको पहले राज्य श्रम विभाग में आवेदन करना होगा।

आपको क्या करना चाहिए:

- labor.ny.gov/signin पर ऑनलाइन आवेदन करें।
- 1-888-209-8124 पर कॉल करके फोन द्वारा आवेदन करें
- यहां क्लिक करें आवेदन प्रक्रिया का प्रवाह संचित्र डाउनलोड करने के लिए
- यहां क्लिक करें NYS श्रम विभाग से एक तथ्य पत्रक के लिए

Taxi & Limousine Commission

आप यह प्राप्त करने के लिए पात्र हो सकते हैं:

- 39 सप्ताह के UI या PUA लाभ
- 7/31/2020 तक अतिरिक्त $600/सप्ताह

TLC- लाइसेंस प्राप्त ड्राइवर बेरोजगारी बीमा (UI) लाभ या महामारी बेरोजगारी सहायता (PUA) के लिए आवेदन कर सकते हैं, भले ही वे अभी भी सीमित संख्या में यात्रा या वैकल्पिक कार्य जैसे कि DeliveryTLC से कुछ आय प्राप्त कर रहे हों।

UI और PUA लाभ NYS श्रम विभाग द्वारा चलाए जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए, CARES अधिनियम वेबसाइट पर जाएं या कोरोनावायरस आपातकाल के दौरान UI के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न पढ़ें।

भोजन सहायता

सभी न्यू यॉर्क निवासियों को पूरे शहर में भोजन पैंट्री याने भंडारघर और भोजन केन्द्रों के माध्यम से मुफ्त भोजन प्राप्त हो सकता है। अधिक जानकारी के लिये यहां जाएं: **www.nyc.gov/GetFoodNYC**।

वित्तीय सहायता

बिल भरने में संघर्ष?

NYC वित्तीय सशक्तिकरण केंद्र में मुफ़्त, गोपनीय वित्तीय परामर्श प्राप्त करें।

COVID-19 के बारे में चल रही स्वास्थ्य चिंताओं और अधिक सामाजिक दूरी की आवश्यकता के कारण, सभी वित्तीय सशक्तिकरण केंद्र अब फोन कॉल के माध्यम से दूरस्थ वित्तीय परामर्श सत्रों की पेशकश कर रहे हैं। दूरस्थ वित्तीय परामर्श नियुक्ति का समय निर्धारित करने के लिए यहां क्लिक करें. दूरस्थ वित्तीय परामर्श नियुक्तियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए देखें FAQ पृष्ठ या यहां क्लिक करें।

लघु व्यवसाय सेवाएँ

COVID-19 से प्रभावित व्यवसायों के लिए वित्तीय सहायता अब **U.S. लघु व्यवसाय प्रशासन (SBA).** के माध्यम से उपलब्ध है।

SBA ऋण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होंगे, इसलिए जल्द से जल्द अपना आवेदन जमा करना महत्वपूर्ण है। यदि आपके पास SBA प्रोग्राम से संबंधित प्रश्न हैं, तो यहां ईमेल करें answerdesk@sba.gov.

SBA के COVID-19 ऋण संसाधनों और लघु व्यवसाय मार्गदर्शन के बारे में अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें । SBA कार्यक्रमों की तुलना यहां देखें।

सार्वजनिक लाभ आवेदन

शहर का मानव संसाधन प्रशासन (HRA) आपको AccessHRA के माध्यम से सार्वजनिक लाभ के आवेदनों के साथ मदद कर सकता है, जिसमें पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (SNAP), नकद सहायता और मेडिकेड नवीकरण शामिल हैं। अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें।

Taxi & Limousine Commission

ड्राइवर सुरक्षा इकाई

ड्राइवर सुरक्षा इकाई सभी टैक्सी और किराए के वाहन चालकों के अधिकारों की रक्षा करती है। यूनिट TLC लाइसेंसधारियों द्वारा प्रस्तुत उन शिकायतों की जांच करता है जो आरोप लगाती हैं कि उनके साथ अवैध आचरण किया गया है, जिसमें शामिल हैं:

- ड्राइवरों को भुगतान करने में विफलता जो उन्होंने यात्रा प्रदान करके अर्जित की
- ड्राइवर की सुरक्षा राशि वापस करने में विफलता
- पट्टों और रसीदों सहित TLC नियमों के तहत आवश्यक दस्तावेजों की ड्राइवरों को उनकी प्रतियां प्रदान करने में विफलता
- पट्टे या वाहन खरीद की मात्रा का अधिक प्रभार
- पहचान की चोरी के कार्य
- TLC के साथ शिकायत दर्ज करने के लिए प्रतिशोध

यूनिट ड्राइवरों के अधिकारों में सुधार करने के लिए New York City टैक्सी और लिमोसिन आयोग के नियमों की समीक्षा भी करता है और नियमित रूप से पूरे New York City में ड्राइवरों के अधिकार प्रशिक्षण प्रदान करती है। आज तक, यूनिट ने $32 लाख से अधिक राशी वापस लाने में ड्राइवरों की मदद की है।

अधिक जानकारी के लिए, (718) 391-5539 पर कॉल करें या यहां ई-मेल करें **driverprotection@tlc.nyc.gov**।

सम्बंधित जानकारी:

- **टैक्सी फ़्लीट चालक के अधिकारों का बिल** (PDF)
- **टैक्सी DOV चालक के अधिकारों का बिल** (PDF)

कानूनी सेवाएँ

- **कानूनी सेवाएँ NYC:**
  - टेलीफोन: 917-661-4500
  - वेबसाइट: **http://www.legalservicesnyc.org/**
- **New York कानूनी सहायता समूह**
  - टेलीफोन: 212-613-5000
  - वेबसाइट: **https://nylag.org/**
- **कानूनी सहायता सोसायटी**
  - टेलीफोन: 212-577-3300
  - वेबसाइट: **http://www.legal-aid.org/en/home.aspx**
- **NYPIRG**
  - वेबसाइट: **https://www.nypirg.org/sccac/**
- **कानून मदद NY**
  - वेबसाइट: **https://www.lawhelpny.org/**

मतदाता पंजीकरण

मतदान के लिए पंजीकरण करने या न्यूयॉर्क शहर के चुनाव मंडल के साथ अपने मतदाता पंजीकरण की स्थिति जाँचने के लिए **NYC के इलेक्शन बोर्ड की वेबसाइट** पर जाएँ।